बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-440
03/09/2021

# मुख्यमंत्री ने बी0एन0आर0 टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज का किया निरीक्षण

पटना, 03 सितम्बर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बी0एन0आर0 टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने पुरातात्विक खुदाई को लेकर विशेषज्ञों एवं अधिकारियों के साथ कई बिंदुओं पर चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पुरातात्विक खुदाई को लेकर पहले ही बता दिया है कि जो सरकारी एरिया है उसमें खुदाई कर सकते हैं लेकिन यहां पर हम आये हैं और परिसर को देखे हैं। यहां पर स्कूल को और एक्सटेंशन करने की जरूरत है। एक तरफ बच्चियों के खेलने की व्यवस्था रहेगी और जो जगह बचेगा उसमें खुदाई किया जा सकता है।

राजद कार्यालय परिसर के लिये कम जगह दिये जाने के संबंध में पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी पार्टी को कार्यालय मिला हुआ है। कौन क्या बोलता है, वही जाने। सभी पार्टियों के लिये वर्ष 2006 के बाद से व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जो सवाल कर रहे हैं उन्होंने कभी रिकोग्नाइज पार्टियों को जगह नहीं दिया है, हमलोगों ने ही पार्टियों के कार्यालय के लिए जगह दिया है।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव श्री संजय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, पटना के प्रमंडलीय आयुक्त श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की सचिव श्रीमती बंदना प्रेयसी, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री उपेंद्र शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******